हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(तृतीय सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 24 अगस्त, 2018/2 भाद्रपद, 1940 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 44

सिन्थेटिक ट्रेक सरस्वती नगर

***591 श्री नरेन्द्र बरागटा (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं; और

(ख) ज़िला शिमला के अन्तर्गत सरस्वती नगर में सिन्थेटिक ट्रेक कब तक निर्मित कर लिया जाएगा?

नाबार्ड के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि

***592 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत सात महीनों में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र को नाबार्ड के अन्तर्गत किन-किन योजनाओं के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत हुई है; ब्यौरा दें?

परिवहन डिपो नेरवा

***593 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) परिवहन डिपो नेरवा के पास भवन निर्माण हेतु कितनी भूमि उपलब्ध है; इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है; निविदाएं आमन्त्रित की गई हैं तथा इसका निर्माण कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें; और

(ख) इस डिपो में कितने बस रूट स्वीकृत हैं, नाम सहित ब्यौरा दें, कितनी बसों का बेड़ा है और जिन रूटों में बसें नहीं चल रही उनमें कब तक बसें चलाई जाएंगी; ब्यौरा दें?

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

***594 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सरकाघाट सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है तथा इसका कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

Amount Sanctioned Under MNREGA

***595 Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) how much amount has been sanctioned under MNREGA in various Blocks of Distt Sirmaur during the last 6 months; Panchayat wise details of Paonta and Shillai Blocks be given; and

(b) has there any complaint regarding misuse of MNREGA funds in Shillai Block; what action has been taken?

Sainik Rest House Solan

***596 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state whether the Government ensure to start the construction of Sainik Rest House at Solan; if yes, by when the tender process will be completed?

सेवानिवृत्ति लाभ

***597 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) हिमाचल पथ परिवहन निगम से दिनांक 01 जनवरी, 2017 से 31 जुलाई, 2018 तक प्रदेश के विभिन्न डिपूओं से कितने-कितने अधिकारी व कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं; और

(ख) सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति लाभ के रूप में कितनी-कितनी धनराशि प्रदान की गई; ब्यौरा डिपोवार पदनाम सहित सभा पटल पर रखें?

गृह अनुदान

***598 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में कल्याण विभाग द्वारा प्रार्थियों को गृह अनुदान देने हेतु क्या मापदण्ड निर्धारित हैं; और

(ख) गत तीन वर्षों से प्रदेश में अनुसूचित जाति व जनजाति के लाभार्थियों के गृह अनुदान के कितने मामले लम्बित हैं; ब्यौरा जिलावार व वर्षवार दें ?

ओ0बी0सी0 बैकलॉग

***599 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार ने ओ0बी0सी0 बैकलॉग भरने की नोटिफिकेशन कब की तथा अब तक विभिन्न विभागों में कितने रोजगार उपलब्ध करवाए गए?

Veterinary Hospital Palampur

***600 Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) is it true that funds has been allocated towards rebuilding of Sub Divisional Veterinary Hospital at Palampur;

(b) if yes, how much funds were allocated and which is the executing agency; and

(c) current status of the work?

Closure of Government Primary Schools

*601 **Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 6 months how many Government Primary Schools have been closed in Rampur Constituency under rationalisation, details be given; and

(b) parameters to close the Schools may be placed on the table of the House?

राजपुरा सहकारी सभा

*602 **श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि नालागढ़ उप-मण्डल में राजपुरा सहकारी सभा में करोड़ों का घोटाला हुआ है; यदि हां, तो Board of Director तथा सम्बन्धित कर्मचारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; और

(ख) जिन लोगों ने राजपुरा सहकारी सभा में अपनी धनराशि जमा करवाई थी सरकार उनकी धनराशि सहकारी सभा द्वारा लौटाने हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

कौशल विकास योजना के अन्तर्गत कंडक्टरों की भर्ती

*603 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वर्ष 2015 में परिवहन विभाग, हिमाचल प्रदेश में कौशल विकास योजना के अन्तर्गत कंडक्टरों की भर्ती की गई थी;

(ख) यदि हां, तो किन-किन रूटों पर कितने कंडक्टर अभी तक सेवाएं दे रहे हैं; और

(ग) कितने कंडक्टरों को किन मापदंडों के अन्तर्गत सेवाओं से हटाया गया है; कारण सहित ब्यौरा दें?

मुख्य मन्त्री गृहिणी योजना

*604 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) दिनांक 05-08-2018 तक प्रदेश में मुख्य मन्त्री गृहिणी योजना के अन्तर्गत गैस कनैक्शन हेतु कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए; और

(ख) इनमें से कितने आवेदन स्वीकृत हुए तथा कितने गैस कनैक्शन आवंटित किए गए; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

मल निकासी

*605 **श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) शिमला के साथ लगते क्षेत्र क्रेडू चक्कर को नगर निगम द्वारा अभी तक sewerage line से नहीं जोड़ा गया है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार कब तक जोड़ने का विचार रखती है?

Pending Dues

*606 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that during the last 3 years what are the total pending dues of farmers for Apple purchased by HPMC through the MIS?

Encroachment by NHPC

*607 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-
(a) how much land has been encroached/illegally occupied by NHPC in Chamba District; and

(b) if so, what steps have been taken by the Government to reclaim the land ?

----

132 KVA सब-स्टेशन निर्माण

***608 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) ग्राम पंचायत त्याई के मोहल्ला कोटला में 132 KVA सब-स्टेशन निर्माणाधीन है; इसका शिलान्यास कब हुआ तथा कितनी धनराशि स्वीकृत हुई;

(ख) इसके निर्माण में देरी के लिए ठेकेदार के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई; और

(ग) इस कार्य को कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा?

राजस्व विभाग में रिक्तियां

***609 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि डोडरा-क्वार में उप-मण्डलाधिकारी (नागरिक), नायब-तहसीलदार तथा चिड़गांव व रोहडू में तहसीलदार व जांगला में नायब-तहसीलदार के पद कब से रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पटवारी के कितने पद रिक्त हैं और इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

Phinna Singh Medium Irrigation Project

***610 Sh. Rakesh Pathania (Nurpur):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state what is the latest status of Phinna Singh Neher Medium Irrigation Project at Nurpur?

सरकारी शिक्षण संस्थानों में निजी कार्यक्रम

***611 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकारी शिक्षण संस्थानों में निजी कार्यक्रम, मेले या कैम्प लगवाने की अनुमति दी जा सकती है; इस संदर्भ में माननीय उच्च न्यायालय ने कोई दिशा-निर्देश जारी किए हैं; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखी जाए?

कीरतपुर-नागचला फोरलेन

*612 **श्री राकेश कुमार (सुन्दरनगर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) कीरतपुर-नागचला फोरलेन का निर्माण कार्य कब शुरू हुआ तथा इसकी अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) यह सत्य है कि इसका निर्माण कार्य रुका है; यदि हां, तो किन कारणों से; और

(ग) इसका निर्माण कार्य कब तक शुरू किया जाएगा तथा कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

पाठशालाओं का उन्नयन

*613 **श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन)ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नदौन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय उच्च पाठशाला कांगू, कोहला, पनसाई एवं जलाड़ी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में उन्नयन करने की अधिसूचना कब जारी की गई थी; और

(ख) इन पाठशालाओं में इसी सत्र से कक्षाएं शुरू करवा दी गई हैं; यदि हां, तो कब; यदि नहीं, तो कारण?

Skill Development Programme

*614 **Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state :-

(a) how many persons have been registered with the Government for providing employment; District wise details be given;

(b) what steps have been taken to provide employment to unemployed; and

(c) what is the updated status of State Skill Development Centre at Anandpur, Shoghi being set up by State Skill Development Corporation?

हेली टैक्सी टूरिज्म सर्विस

*615 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) इस वर्ष राज्य स्तरीय बिलासपुर नलवाड़ी मेले के अवसर पर हेली टैक्सी टूरिज्म सर्विस हेतु पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा उड्डयन कम्पनियों से किन शर्तों पर निविदाएं आमंत्रित की गई थी;

(ख) क्या निविदित (4-AXIS) हेली काप्टर 2nd Hand व सिंगल इंजन था; यदि हां, तो क्या यह सुरक्षा की दृष्टि से उपयुक्त था;

(ग) इससे विभाग को कितना लाभ हुआ तथा इस कार्य हेतु सुरक्षा में तैनात पुलिस व होमगार्ड के जवानों की अदायगी कम्पनी द्वारा कर दी गई है; यदि हां, तो कितनी धनराशि प्राप्त हुई;

(घ) कम्पनी से पार्किंग का कितना किराया वसूल किया गया और मेले के समापन के उपरान्त किसकी अनुमति से हेली टैक्सी सेवा जारी रही; और

(ड.) इस मामले में हुई अनियमितताओं के लिए कौन जिम्मेवार है तथा क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; ब्यौरा दें ?

श्री ज्वालामुखी मन्दिर में निर्माण कार्य

*616 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में मंदिर श्री ज्वालामुखी से कितनी धनराशि विभिन्न निर्माण कार्यों में व्यय की गई; ब्यौरा कार्यवार दें;

(ख) विकास कार्यों में जो धनराशि व्यय की गई क्या वह नियमानुसार लोक निर्माण विभाग के मापदण्डों अनुसार की गई; यदि हां, तो ब्यौरा दें; और

(ग) इस धनराशि से जो निर्माण कार्य किए गए; उसका निष्पादन क्या मन्दिरन्यास द्वारा किया गया है या अन्य सरकारी विभाग द्वारा तथा निविदाएं करते समय पूरी प्रकिया सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों से की गई; ब्यौरा दें?

नये मर्ज एरिया

*617 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि शिमला जिला के अन्तर्गत ग्रेटर

शिमला अथॉरिटी, नगर एवं ग्राम योजना एवं साडा के अन्तर्गत किन-किन नए स्थानों को मर्ज करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; ब्यौरा दें?

हाटेश्वरी माता

*618 **श्री नरेन्द्र बरागटा (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) जिला शिमला के अन्तर्गत हाटेश्वरी माता, हाटकोटी को धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने हेतु सरकार की योजना है; और

(ख) यदि हां,तो इस हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की है; ब्यौरा दें ?

सड़क की टारिंग

*619 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत सात महीनों में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा AMP के अन्तर्गत कितने किलोमीटर सड़क की टारिंग हुई है और कितनी की जानी शेष है?

उद्यान केन्द्र

*620 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) जिला शिमला में उद्यान विभाग के कितने केन्द्र व उप-केन्द्र हैं; निर्वाचन क्षेत्रवार केन्द्र व उप-केन्द्र में नियुक्त अधिकारियों / कर्मचारियों का ब्यौरा नाम व पते सहित दें; और

(ख) गत तीन वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत Anti Hail Net & Grading Packing House के लिए उद्यान विभाग द्वारा कितनी धनराशी स्वीकृत और कितनी व्यय की गई; ब्यौरा दें?

Govt. Degree College Building Baldwara

*621 **Sh. Inder Singh (Sarkaghat):**

Will the **Education Minister** be pleased to state what is the latest position of

construction of buidling of Govt. Degree College Baldwara; by when construction work will be completed; details alongwith funds and expenditure incurred so far be given?

Vacancy Position

***622 Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state how many posts of various categories are lying vacant in HPPWD Division Kalpa and Karcham/Bhaba Nagar in Kinnaur Distt; details be given?

सिंचाई के बोरवैल एवं पेयजल योजनाएं

***623 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत गर्मियों के मौसम में कुछ सिंचाई के बोरवैल एवं पेयजल योजनाएं कम बहाव (Discharge) के कारण सूख गई हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार क्या इनके स्थान पर नई योजनाएं बनाने का विचार रखती है?

राजकीय महाविद्यालय भरली में भवन निर्माण

***624 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जिला सिरमौर में राजकीय महाविद्यालय भरली (Barli) में भवन के दो ब्लॉकों का निर्माण कार्य चल रहा है; यदि हां, तो निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है?

Equal Wage for Equal Work

***625 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state whether the Government propose to provide equal wage for equal work to the out sourced employees engaged by different employers deployed for doing work for the different departments of

the Government and public undertakings?

Cases under FCA

*626 **Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) how many cases under Forest Clearance Approval have been prepared by the State Government and has been sent to the Government of India for approval during the last three years; circle wise details be given; and

(b) during this period, how many approvals have been received from the Government of India and how many are pending; circle wise details be given?

विज्ञान भवन

*627 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल कितने वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में विज्ञान भवन बनाने का निर्णय लिया गया था तथा पाठशालावार कितनी धनराशि स्वीकृत की गई;

(ख) कुल कितनी पाठशालाओं में विज्ञान भवनों का शिलान्यास किया गया; और

(ग) यदि धनराशि स्वीकृत नहीं हुई है तो कब तक स्वीकृत कर दी जायेगी?

पब्बर नदी का तटीयकरण

*628 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि पब्बर नदी तटीयकरण का कार्य रूका पड़ा है; यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 31-07-2018 तक कितनी उठाऊ पेयजल योजनाएं लम्बित हैं और कितनी पूर्ण हो चुकी है; ब्यौरा दें; और

(ग) विधायक प्राथमिकता की कितनी योजनाएं लम्बित हैं; ब्यौरा दें?

Promotion of Tourism

*629 **Sh. Rakesh Pathania (Nurpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state what steps have been taken by the Government to promote Tourism, Eco Tourism and Adventure Tourism in the Pradesh; details be given?

बस अड्डों की नीलामी

*630 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में चिन्तपुरनी बस अड्डे की वार्षिक आय कितनी थी; वर्ष 2016 में कितनी अवधि के लिए इसे नीलाम किया गया; और

(ख) धर्मशाला, ऊना और कुल्लू बस अड्डे किन नियमों के आधार पर कितनी अवधि के लिए नीलाम किए गए तथा क्या नीलामी के लिए कैबिनेट की स्वीकृति ली गई थी; ब्यौरा दें?

Drinking Water Supply Scheme

*631 **Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state :-

(a) what is the latest position of Pandoa-Khad to Kel Bagdi drinking water supply scheme and by when it will be completed; and

(b) how much funds have been sacntioned for this scheme?

विश्राम गृह स्वारघाट

*632 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह स्वारघाट (जिला बिलासपुर) पर पिछले वर्ष मरम्मत एवं रख-रखाव हेतु कितनी धनराशि व्यय की गई और क्या कार्य किया गया; किस ठेकेदार को कार्य का आबंटन किया गया; ब्यौरा दें?

Asian Development Bank

***633 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) ज्वालामुखी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत Asian Development Bank (A.D.B) के माध्यम से कौन-कौन से कार्य प्रस्तावित हैं तथा उनके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत है; और

(ख) इनमें से कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं, कितने प्रगति पर हैं, ब्यौरा कार्यवार दें?

सफाई व्यवस्था

***634 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि न्यू शिमला फेज़-III में सड़कों के किनारे नालियों के साथ कूड़े तथा मलवे के ढेर लगे हैं; और

(ख) यदि हां, तो सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

दिनांकः 8 अगस्त, 2018. **सचिव।**